हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री


11 अनुविभाग मुख्यालय होने के बावजूद 20 वर्षों से...



12 महानदी के तट पर बेखौफ रेत माफिया, दिन दहाड़े ...






## खबर संक्षेप

### जिले के दो निजी अस्पतालों का आयुष्मान पंजीयन निलंबित

**गरियाबंद।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नर्सिंग होम एक्ट के तहत निरीक्षण दल द्वारा सोमेश्वर हॉस्पिटल और लाइफ लाइन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अस्पतालों में कई गंभीर कमियाँ पाई गईं, जिनमें इन हाउस लैब की समस्या, खराब अधोसंरचना, रैम्प का न होना, बीएमडब्ल्यू का अनापत्ति प्रमाण पत्र का न होना, ओपीडी से आईपीडी का परिवर्तन औचित्यपूर्ण नहीं होना, क्वालिफाइड ड्यूटी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ की अनुपलब्धता, रजिस्टर का ठीक से संधारित नहीं होना, एक्सपाइरी दवाईयां मिलने जैसी गंभीर लापरवाहियां पाई गई। इन गंभीर अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए सोमेश्वर हॉस्पिटल का पंजीयन 03 माह तथा लाइफ लाइन हॉस्पिटल का पंजीयन 06 माह के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से पंजीयन निलंबित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने यह स्पष्ट किया है कि भविष्य में अन्य अस्पतालों में भी इस प्रकार की कमियाँ पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### 15वें वित्त आयोग की राशि की मांग, एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर विकासखंड में 15वे व 16वे वित्त की राशि की मांग को लेकर ग्राम पंचायत बासीन, अरंड, रक्शा, बरभाठा, रोबा में 18 नवंबर को आज एकदिवसीय तालाबंदी के साथ धरना प्रदर्शन। तालाबंदी को लेकर सरपंचों ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ के सभी ग्राम पंचायत के सरपंचों के लिए विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों द्वारा बहुत ही उम्मीद और आशा के साथ सरपंच चुना गया है कि गांव के लिए कुछ करेगा? लेकिन आज चुनाव के 9 महीने बाद भी शासन प्रशासन द्वारा पंचायत के अधिकार की राशि 15वे वृत्त को जारी नहीं किया जा रहा है जिससे सभी ग्राम पंचायत अपने–अपने मूलभूत सुविधा सफाई कार्य, निर्माण कार्य आदि से वंचित है। विकास की उम्मीद को लेकर लोगो ने गावों मे सरपंच चुना हैं लेकिन गांवों में किसी प्रकार का मूलभूत कार्य नहीं होने से अब गांव वाले सरपंच को कोसने में कमी नहीं कर रहे हैं। वे तो यह सोच रहे है कि राशि आने के बाद भी सरपंच ग्राम में काम करने उत्साह नहीं दिखा रहा है? जबकि हकीकत अलग है। शासन से राशि मिलेगी तो ग्राम के मूलभूत सभी कार्य होंगे। इसलिए हम सभी ग्राम वासी ग्राम के पंचों के साथ 18 नवंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर पंचायतों मे तालाबंदी की जावेगी। इस तालाबंदी को लेकर ग्राम पंचायत बासीन, रक्शा, बरभाठा आदि ग्राम पंचायत शामिल है जिनके द्वारा जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सीईओ सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, थाना प्रभारी को सूचना दे दी गई है।

## धान खरीदी : पांच केंद्रों पर टोकन शून्य, चरोदा में टोकन कटा पर नहीं पहुंचे किसान

# 17 में से 11 केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शासन द्वारा समितियां के माध्यम से ध्यान खरीदी केंद्र शुभारंभ हो गया है, क्षेत्र के जिला सहकारी बैंक छुरा जिला सहकारी बैंक खड़मा के अंतर्गत कुल 17 धान खरीदी केंद्र है, छुरा के अंतर्गत 9 खरीदी केंद्र और खंडमा के अंतर्गत 8 धान खरीदी केंद्र है, कुल मिलाकर 17 धान खरीदी केंद्र है जहां खरीदी केंद्रों पर खरीदी प्रारंभ हो गई है और 5 जगह पर किसानों ने टोकन नहीं काटने की वजह से खरीदी प्रारंभ नहीं किया गया है एवं 1 स्थान चरोदा पर टोकन काटने के बावजूद भी किसान धान बेचने नहीं पहुंचे। कुछ जगहों पर कंप्यूटर में तकनीकी समस्याएं आ रही है जिसे निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रिचा ठाकुर ने भी छुरा सहित विभिन्न धान खरीद केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया, उन्होंने बताया कि कुछ तकनीकी समस्याओं को छोड़ दे तो धान खरीदी लगभग प्रारंभ हो गया है कंप्यूटर पर भी कार्य प्रारंभ है, जिला सहकारी बैंक छुरा के अंतर्गत 5 जगह रसेला, दुल्ला, सिवनी, छुरा और चरोदा के लिए किसानों ने टोकन काटा था इनमें से चार जगह पर धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया गया है और चरौदा में टोकन काटने के बावजूद भी धान बेचने किसान नहीं पहुंचे। इसी तरह जिला सहकारी बैंक खड़मा के अंतर्गत 08 केंद्रों में सिर्फ पीपर छेड़ी पर टोकन नहीं काटा गया है बाकी धान खरीदी के अंदर सोरिद, साजापाली, लोहझर, पंक्तियां, अकलवारा, रानी परतेवा में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ कर दिया गया है, छुरा धान खरीदी केंद्र छुरा में 7 किसानों ने टोकन कटवाए और यहां पर कंप्यूटर पर भी कार्य प्रारंभ हो गए हैं और सभी कार्य हो रहे हैं। इसी तरह अन्य धान खरीदी केंद्रों पर बिजली, पानी, कैमरा की व्यवस्था लगातार की जा रही है।



### सुधार किया जा रहा है

जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक एस एस सोम ने बताया कि अन्य जगहों पर भी कंप्यूटर कंप्यूटर पर कार्य प्रारंभ है जिसे इंस्टॉल करने समस्याएं हैं इसे निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह जिला सहकारी बैंक खड़मा के प्रभारी प्रबंधक ओम प्रकाश यादव ने बताया कि कर्मचारी, बारदाना सभी प्रकार की व्यवस्थाएं कर दी गई है और खरीदी प्रारंभ कर दिया गया है। कुछ जगह कंप्यूटर में तकनीकी समस्याएं हैं जिसे मार्गदर्शन लेकर सुधार किया जा रहा है, छुरा धान खरीदी केंद्र के प्रभारी रोमन सिंह ठाकुर ने बताया कि धान खरीदी प्रारंभ है यहां पर 7 किसानों ने टोकन काटा और सभी ने आकर धान बेचा है कंप्यूटर में भी लोडिंग का कार्य प्रारंभ है एवं हेमालो के द्वारा धान काटा किया जा रहा है।

### किसान संघर्ष समिति ने दी आंदोलन की चेतावनी

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम कपील, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, एलियाल बाघमार, गुमान ठाकुर, सुकचंद ध्रुव ने बताया कि सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द हड़ताल समाप्त करे और उनकी मांगों को पुरा किया जाये धान खरीदी में पहले से देरी हो चुकी है और अब किसानों को पैसा की बहुत जरूरत है लेकिन धान खरीदी केन्द्रों से किसान वापस लौट रहे है वहा कोई व्यवस्था नही है नाम मात्र के कर्मचारी बिठा दिये गये है धान खरीदी करने में सरकार असफल साबित हो रही है, उन्होने आगे कहा कि दो - तीन दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नही हुई तो किसान आंदोलन करने मजबूर होंगे। मैनपुर सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक नयन सिंह दाऊ ने बताया कि सभी कर्मचारी सुबह से खरीदी केन्द्रो में तैनात है। लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण खरीदी नहीं हो पाई साथ ही मैनपुर में हेमाल की व्यवस्था भी शाम तक नहीं हो पाई है।

## सर्वर डाउन और हड़ताल के चलते तीसरे दिन भी खरीदी ठप, किसान परेशान

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ किया गया है, लेकिन आज सोमवार तीसरे दिन भी मैनपुर में धान खरीदी प्रारंभ नही हो पाई जिसके पीछे मुख्य कारण कम्युप्टर सर्वर डाउन होने की बात बताई जा रही है, जबकि किसान धान बेचने के लिए लगातार पहुच रहे है लेकिन धान खरीदी नही हो पा रही है, ज्ञात हो कि सहकारी समितियों को ऑपरेटर, प्रबंधक और कर्मचारी पिछले कई दिनों से हड़ताल में है जिसके कारण धान खरीदी प्रभावित हो रही है बावजूद इसके शासन प्रशासन द्वारा धान खरीदी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए दुसरे विभाग के पर्याप्त कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है लेकिन पहली बार उन्हे धान खरीदी में लगाने के लिए वे असमंजस की स्थिति में है, 15 नवम्बर को सिर्फ धान खरीदी की मूहुर्त के रूप में पुजा अर्चना किया गया था और किसानों को बताया गया था कि आगामी 17 नवम्बर से धान खरीदी किया जायेगा जिसके कारण किसानों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा था लेकिन आज तीसरे दिन भी मैनपुर व क्षेत्र के सहकारी सोसाईटियों में धान खरीदी नही होने से किसानों में नराजगी देखने को मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर, गौरघाट, जिड़ार, बम्हनीझोला, शोभा, उरमाल, गोहरापदर, धौराकोंट, ढोढर्रा, सीनापाली, कदलीमुड़ा, तेतलखुंटी, झरगांव, चिचिया, बरबहली, अमलीपदर, मुड़गेलमाल, सरनाबहाल, भेजीपदर, गुरजीभाठा अ, खोखमा, फरसरा, में धान बेचने के लिए सुबह किसानों की भींड लगी थी कई जगह किसान टैक्ट्ररो में धान लेकर पहुचे थे लेकन कम्प्युटर सर्वर डाउन होने के कारण धान खरीदी नही होने की जानकारी मिली है, क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारियों की पुरी पोल खुल गई है कम्पयुटर ऑपरेटर, समिति प्रबंधंक और धान केन्द्र प्रभारियों का हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला हालांकि जिला प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत तैनात किये गये कर्मचारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुचे लेकिन इस कार्य में नव सिखिया होने के कारण वे कम्प्युटर लॉग इन नही नही कर पा रहे है जिसके कारण अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में देर शाम तक तौल नही हो पाया और कांटा तौलने की मशीन जस की तस पड़ा रहा वही मैनपुर तहसील मुख्यालय के बावजूद यहा धान खरीदी केन्द्र में हमाल की व्यवस्था नही हो पाई।





## आवारा पशुओं पर गुस्सा फूटा, पारागांव में ग्रामवासियों ने दिया धरना प्रदर्शन

**नवापारा-राजिम।** पारागांव में आवारा पशुओं को लेकर ग्राम पंचायत की उदासीनता पर ग्रामवासियो ने धरना प्रदर्शन किया। यह धरना प्रदर्शन ग्राम विकास समिति के नेतृत्व में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा, मानस भवन के पास एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए इस समस्या के समाधान को लेकर आवाज उठाए। ग्रामवासियो का आरोप है कि पंचायत की उदासीनता से आवारा मवेशी खेतों में घुसकर धान की फसल को चट कर रहे है। बताया गया है कि गांव और आसपास के खेतों में करीब 400 से अधिक आवारा पशु दिन-रात घूमते रहते हैं। धान की कटाई का मौसम चल रहा है और इन पशुओं ने सैकड़ों एकड़ में कटी व बिछी हुई धान को नुकसान कर डाला है। सब्जियों की फसल तो पहले ही बर्बाद हो चुकी है। एक किसान ने बताया कि रात में रखवाली करते-करते थक गए, लाखों का नुकसान हो चुका है, जिससे कर्ज नहीं चुका पा रहे है। आरोप है कि पारागांव से गुजरने वाला नवा रायपुर और आरंग मुख्य मार्ग तथा गांव की आंतरिक सड़के आवारा पशुओं के कारण खतरनाक हो गई हैं। हर दूसरे-तीसरे दिन कोई न कोई बाइक सवार या पैदल यात्री इन पशुओं से टकराकर घायल हो रहे है। अभी तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी है । स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे और बाजार में खरीदी के लिए जाने वाली महिलाएं भी दहशत में रहती हैं।

■ 7 दिन में समाधान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी



### टीम भेजने की मांग

ग्राम विकास समिति के सदस्यो ने बताया कि पिछले एक साल में ग्राम पंचायत व प्रशासनिक अफसरो को लिखित में ज्ञापन दे चुके हैं। इस ज्ञापन में गोठान बनाने, गौशाला तक पशुओं को पहुंचाने और पकड़ने की टीम भेजने की मांग की गई है। अब थक हारकर धरना में बैठे ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर 7 दिनों के अंदर आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू नहीं हुआ और गोठान निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो ग्राम विकास समिति अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेगी। साथ ही रायपुर-माना राज्य राजमार्ग को जाम करने और कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने जैसे बड़े आंदोलन करने की बात कही है। सोमवार को धरना प्रदर्शन में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष जागेश्वर निषाद, पूर्व सरपंच गिरवर रात्रे, लक्ष्मीनारायण बांसवार, झब्बूलाल देवांगन, दुर्गा गौतम, रंजीत दुबे, रामाधार निषाद, रामेश्वर बांसवार, दुलारी देवांगन, झुनिया साहू, उर्मिला मिर्झा, तोरण देवांगन, दाऊलाल निषाद, रेवा सोनकर, छबिलाल देवांगन, गौतम ध्रुव, देव ध्रुव, संतराम लहरे, हंसराज सोनकर, कमल यादव, कुशल भारती, अविनाश निषाद, पारस देवांगन, दीनदयाल निषाद, बलराम देवांगन, यशवंत बांसवार, बिसहत निर्मलकर इंदरमण ध्रुव, बुधारू निषाद, भानु देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी बैठे थे।


HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

दिनांक: 18 नवंबर से 23 नवंबर

समय: मंगलवार से शनिवार ( प्रातः 11:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक)

रविवार: प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ स्पीच थेरेपी

▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)

**अंबिकापुर** — मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**भिलाई** — शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**बिलासपुर** — शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**बैरन बाजार (रायपुर)** — विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**धमतरी** — डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर** — विनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड,धरमपुरा, जगदलपुर 494001

**कोरबा** — मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

**कचहरी चौक (रायपुर)** — शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**शंकर नगर (रायपुर)** — प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

**सारंगढ़** — डॉ अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445 )

**श्रीनगर,(रायपुर)** — डॉ ओ पी लेखवानी, शुभम् हॉस्पिटल, संध्या पेट्रोल पम्प के पास, गुढ़ियारी रोड, श्रीनगर, रायपुर (492009)

Google Play | App Store

Google Rating ★★★★★ | PHILIPS Authorized dealer

9659 455 455

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

Khanna



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


### जंगल में मैखाना की लग्जरी व्यवस्था



**मैनपुर।** इस तस्वीर को देखकर चौकिये नहीं तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 05 किलोमीटर दूर जंगल के भीतर शराबियों ने शराब पीने के लिए बकायदा सोफा सेट और डायनिंग टेबल की व्यवस्था किया साथ में आसपास ठंड से बचने के लिए अलाव भी जलाते है, यह तश्वीर हमें ग्रामीण क्षेत्र के पाठक ने भेजा है जिसकी सच्चाई जानने जब हरिभूमि की टीम पहुंची तो उन्होने ने भी मौके पर जंगल में सोफा सेट और डायनिंग टेबल के साथ चारों तरफ शराब के बाट्ल तथा चखना पाउच देखा। इसे देखकर ऐसा लगता है कि शराबियों ने इस स्थान को अपना अड्डा बना लिया है और लंबे समय से यहां शाम होते ही यह जंगल मैयखाना में तब्दील हो जाता है।

# संतों और जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में हुआ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में 16 नवंबर को खेल मैदान में संतों और जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक होने वाले 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्दुलाल साहू निगम अध्यक्ष ( पूर्व सांसद) अध्यक्षता गोवर्धन शरण व्यास जी, विशेष अतिथि के रूप में ओमप्रकाश चौधरी सांसद प्रतिनिधि, ओंकार शाह पूर्व विधायक, लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, लुकेश्वरी निषाद नगर पंचायत अध्यक्ष, सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, टीकम साहू जिला समन्वयक सहित सभी आमंत्रित अतिथियों मंच पर विराजमान थे। कार्यक्रम की शुभारंभ सभी आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां गायत्री की मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात संतों और





जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिसंबर में होने वाले 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की वैदिक मंत्रों के साथ दीप प्रज्ज्वलित के साथ पूजा अर्चना कर भूमिपूजन कर ध्वजा लहराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चन्दूलाल साहू ने कहा कि आने वाले दिसंबर माह में 9 से 12 दिसंबर तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। गांव सहित पूरे क्षेत्र की सुख समृद्धि तथा शांति की कामना के लिए यह यज्ञ करवाया जा रहा है। आगे कहा कि चार दिवसीय 24 कुण्डीय राष्ट्रीय शौर्य, समृद्धि, गायत्री महायज्ञ में श्रद्धा भक्ति और ऊर्जा से भरपूर संपन्न होगा। आयोजन में मानव जीवन के 16 संस्कारों को निशुल्क करवाया जाएगा। मनुष्य जीवन से लेकर मृत्यु तक 16 संस्कारों से होते हुए मोक्ष को प्राप्त करता है। संत श्री 108 श्री गोवर्धन शरणं व्यास महाराज ने कहा की महायज्ञ के माध्यम से भारतीय संस्कृति में ऋषि परंपरा और संस्कारों के महत्व एवं वर्तमान युवा पीढ़ी को सही दिशा देने के लिए भारत को पुनः गौरवशाली राष्ट बनाने के उद्देश्य से यहां होने वाले 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इस दौरान प्रभात उपाध्यक्ष, दुबे महाराज, मनहण साहू, पुरोषोतम यादव, डी आर यादव, लोकराम यादव, परमेश्वर यादव, बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, संतराम नेताम, रायसिंह ठाकुर, सहित सभी गायत्री परिवार के परिजनों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### बिहार के ऐतिहासिक जीत सुशासन की जीतः शिवांगी

**पाण्डुका।** बिहार में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं निर्णायक विजय पर गरियाबंद जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी कहा कि बिहार के ऐतिहासिक जीत सुशासन की जीत है। सबका साथ, सबका विकास, राष्ट्रवादी विचारों की जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्रहितकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास की गति को जन-जन तक पहुचाया है उसी पर बिहार की जनता ने भरोसा जताया है । जिन्होंने युवाओं को रोजगार के नए अवसर देने या महिलाओं को न्याय दिलाने का संकल्प हो या किसानों की आय बढ़ाने की मुद्दा हो एनडीए सरकार ने हर पैमाने पर खुद को साबित किया है।और बिहार की जनता स्थिर सरकार और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने वाले नेतृत्व को ही पसंद करती हैं। आनेवाले दिनों में बिहार में विकास की गति और तेज होगी।तथा यह जीत बिहार के विकास को नई गति देगी।

### बिहार के लोगों ने विकास एवं शुसासन पर विश्वास जताया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** बिहार के विधानसभा चुनाव में मिली सफलता पर खड़मा भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा कि बिहार के आम नागरिकों ने विकास एवं शुसासन पर विश्वास जताया है। जो मोदी जी के गारेंटी का परिणाम है, जिससे बिहार में एनडीए गठबंधन ने बंफर जीत हासिल किए हैं, एनडीए गठबंधन को विकास के रास्ते पर अग्रसर रहेगा बिहार के जनता जनार्दन के डबल इंजन की सरकार पर विश्वास जताया है पूरे देश के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिहार को धन्यवाद देते हुए देश के विकास यात्रा की भूमिका निभाई है बिहार ने पूरे देश में एक मजबूत सरकार चुना है जिससे लिए बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं अभार व्यक्त किया है।



# सात दिवसीय शिविर में 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय आवासीय शिविर इस साल सिर्रिकला,फिंगेश्वर में आयोजित किया गया है जिसका शुभारंभ 15 नवंबर को सिर्रिकला स्थित शासकीय हाई स्कूल से किया गया है। शिविर में 50 से अधिक स्वयंसेवको ने हिस्सा लिया है।भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय से प्राप्त निर्देशानुसार एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) के क्षेत्रधिकार में यह विशेष शिविर दिनांक 15 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक,"सतत विकास के लिए युवा"थीम पर आयोजित किया जा रहा है।इस शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दिलीप कुमार साहू, जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के प्रथम नागरिक एवं सरपंच, ग्राम पंचायत सिर्रिकला कोमन लाल धुरव एवं डॉ. समीक्षा चंद्राकर जिला संगठक जिला गरियाबंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती डॉ.सविता मिश्रा,प्राचार्य





फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर ने की। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में ग्रामीणजन,ग्राम प्रमुख,समाज प्रमुख एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय पुरुष स्वामी विवेकानंद के पूजा–अर्चना के साथ हुआ, इसके पश्चात सभी स्वयंसेवको द्वारा राजकीय गीत एवं रासेयो लक्ष्य गीत का गायन किया गया।रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने सात दिवसीय के रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बताया कि सतत विकास के लिए युवा परिवर्तन, नवाचार और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।वे सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के लिए नए –ष्टिकोण लाते हैं,जो मौजूदा संरचनाओं को चुनौती दे सकते हैं। युवाओं को सशक्त बनाकर और उन्हें अवसर देकर,हम सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं।शिविर दिनचर्या अनुसार कार्यक्रम सुबह जागरण 05 बजे से रात्रि 10 बजे तक निर्धारित है, जिसमे मुख्य रूप प्रभात फेरी, व्यायाम–योग–आसन, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, देशी खेलकूद,सामुदायिक ग्राम संपर्क, समीक्षा बैठक एवं सामाजिक–सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मिलित है। जिसके प्रत्येक आयामों में सतत विकास लक्ष्यों को सम्मिलित किया है। मुख्य अतिथि डॉ. दिलीप कुमार साहू ने अपने वक्तव्य में एनएसएस के उदेश्यों को रखते हुए बच्चों एवं आम नागरिक प्रोत्साहित किया एवं अपने जीवन में उतरने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती डॉ. सविता मिश्रा ने स्वयंसेवको का हौसला बढ़ाया एवं जीवन को अनुशासनशील एवं कौशलपूर्ण बनाने एनएसएस को अभिन्न अंग माना।



# बोरसी उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का शुंभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

17 नवंबर 2025 को धान उपार्जन केंद्र ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बोरसी पंजीयन क्रमांक 783 में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। जिसमें किसानों एवं प्राधिकृत अध्यक्ष छन्नू लाल साहू, नंदू राम यादव,(सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर), सतीअनुसुइया (सरपंच ग्राम पंचायत बोरसी) डॉ. राजेश कुमार साहू (सरपंच ग्राम पंचायत बहेरापाल), हुकुम सिन्हा सेवानिवृत शिक्षक वरिष्ठ नागरिक बोरसी, कोमल राम साहू पदेन सचिव ग्राम पंचायत बोरसी, हेमकुमार पटेल सचिव ग्राम पंचायत बहेरापाल, शिवकुमार सिन्हा (पटवारी हल्का 18) हेमंत ध्रुव तुकेश कुमार सिन्हा, कुंजबिहारी, प्रीतम साहू(दैनिक कर्मचारी),कृषक कन्हैया सोनकर, डोमन साहू, प्रदीप साहू, कुमारी बाई साहू, देवचरण पटेल, चुनुराम निषाद, हेमंत निषाद, लोकेश कुमार यादव, टिकेश साहू एवं सभी कांटा हेमाल की उपस्थिति में तराजू बांट की पूजा अर्चना कर एवं किसानों का धान तौला गया। इस अवसर पर किसान भाईयों को मिष्ठान का वितरण किया गया। धान की पूजा कर, पुष्प अर्पण एवं मिष्ठान वितरण कर किया गया।

# अमलीपदर में मितानिन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अमलीपदर में सोमवार को ग्राम स्वच्छता समिति के माध्यम से मितानिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती, शिशुवती, 06 माह के ऊपर आहार बच्चों का खान, पान, टीकाकरण मौसमी बीमारी के बचाव के संबंध में सलाह दिया गया। इस दौरान गोद भराई कार्यक्रम आयोजित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मितानिन पिंकी सिन्हा, संगीता, ललिता, हिरौंदी, गुनादी, उर्मिला, पुष्पा, जमुना, संध्या, दयामती, हेमलता, आरती एंव बडी संख्या में ग्रामीण महिलाए उपस्थित थे।

# सहकारी समिति सिवनी में धान खरीदी का शुभारंभ

**अभनपुर** दिनांक 17.11.25- प्राथमिक कृषि सहकारी समिति सिवनी में पूजा-अर्चना व नारियल फोडक़र धान खरीदी अभियान प्रारंभ किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका जितेंद्र बंजारे, सहकारिता सभापति चंचल राजा दीवान, महिला एवं बाल विकास सभापति हेमलता विनोद चंद्राकर, घुसेरा सरपंच नरेश बैंस, समिति प्राधिकृत अधिकारी दीपक शर्मा, शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी हर्ष साहू, एवं समिति प्रभारी परमजीत सिंह गुरु दत्ता व स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।



# भेण्डरी में आनंद मेला



नवापारा-भेण्डरी। बाल दिवस के अवसर पर भेण्डरी में आनंद मेला के आयोजन में पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन सहित स्कूल स्टॉफ एवं मातृशक्तियां शामिल हुई।

# सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल से किसान परेशान



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** अंचल में धान खरीदी पुरी तरह प्रभावित हो गया है सहकारी समितियों के सभी कर्मचारियों का विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर सभी कर्मचारी महासमुन्द में चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं जिसके चलते खरीदी व्यवस्था चरमरा गई है। सहकारी समिति संघ पूरा हड़ताल पर है उनकी 4 मांगे हैं।

सुखत मान्य किया जाए, प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए, पीडीएस दुकानों को अनुदान, 4 ऑपरेटर को 12 माह नियमित कर विभाग तय किया जाए। इस मांग को लेकर महासमुंद में विशाल धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें छुरा ब्रांच के सभी कर्मचारी लगातार 15 दिनों से उपस्थित होकर आंदोलन कर रहे हैं जिसके चलते धान खरीदी पूरी तरह से प्रभावित है, और उचित मुल्य की दुकान भी बन्द है जिसके चलते किसानो और आप जनता को बहुत परेशानी हो रहा है। किसानों की उनका मांग है कि सहकारी कर्मचारियों की मांग पूरी की जाए जिससे धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा रविवार 07 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 12 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक एक पाली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्धारित 16 परीक्षा केंद्रों में जिले के 4731 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा गया है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूंढने में कोई कठिनाई न हो।

# बिना अनुमति मजदूरों को बाहर भेजने के प्रयास पर श्रम विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले में मजदूरों को बिना अनुज्ञप्ति एवं पलायन पंजी में दर्ज किए बगैर बाहर भेजने वाले दलालों पर जिला प्रशासन ने कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में 16 नवंबर को श्रम विभाग की कार्रवाई के बाद थाना बसना में आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। 16 नवंबर को श्रम विभाग टीम को सूचना मिली कि समीर खान निवासी बसना द्वारा 22 ग्रामीण मजदूरों को अधिक मजदूरी का लालच देकर उत्तर प्रदेश स्थित ईंट भट्ठे में भेजने की तैयारी कर रहे हैं। श्रम विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 22 मजदूरों से पूछताछ की। इस दौरान मजदूरों ने अपना अनिल चौहान, भवानी चौहान, रेवशंकर चौहान, रायमोती चौहान, गुरूदयाल कंवर बुटुकवर निवासी ग्राम उमरिया सरायपाली बताया और अग्रिम धन एवं अधिक मजदूरी दिलाने के नाम पर उन्हें बाहर ले जाए जाने की बात स्वीकार की। कार्रवाई के दौरान टीम में श्रम कल्याण निरीक्षक दानेश्वर साहू, सहायक ग्रेड 03 राकेश प्रधान, मुकेश कुमार साहू, लेखापाल हिमालय चंद्राकर मौजूद थे। मामले में श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल की शिकायत पर थाना बसना में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

# दुरुगपाली में धूमधाम से मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम दुरुगपाली में सर्व आदिवासी समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर अध्यक्ष सर्वआदिवासी समाज, मनराखन ठाकुर अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज, मोहित ध्रुव पूर्व सदस्य मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और गोलू रावल रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर इष्ट देवी देवता की पूजा अर्चना कर किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्राम में सर्व आदिवासी समाज द्वारा रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के वीर योद्धा थे, जिन्होंने हमेशा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्य किया तथा हमेशा समाज के लिए तत्पर रहते थे, जिन्होंने अपने प्राण की चिंता किए बिना समाज सेवा में लगे रहे, ऐसे वीर योद्धा के बारे में हमें अपने समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को चाहिए कि शिक्षा के प्रति हमेशा सजग रहे और अपने आप को जागरूक रखे, जिससे समाज आगे बढ़ सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लुकेश ध्रुव ने किया। इस अवसर पर जनपद सभापति सृष्टि ध्रुव, जनपद सदस्य नारायण ध्रुव, डॉ नरेश ध्रुव, अनूप पोडेटी, शिवचरण ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, दिनेश कालसा, डॉ नरेंद्र ठाकुर, हरिराम नेताम, सुखसिंह ध्रुव, गाड़ाराय भोई, नरेश ध्रुव, विष्णु बरिहा, ओमप्रकाश मलिक, बरतलाल मांझी, दिनेश ध्रुव, शिव भोई, किशोर भोई, हेमलाल भोई, नयन ध्रुव एवं सगाजन उपस्थित रहे।

# मार्शल आर्ट के खिलाड़ी बेल्ट व मेडल से पुरस्कृत



**अभनपुर।** एनएस मार्शल आर्ट अकादमी अभनपुर द्वारा मेडल सम्मान एवं बेल्ट ग्रेडिंग समारोह का आयोजन गायत्री मंदिर परिसर मे संपन्न हुआ ।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र कुमार साहू ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा मार्शल आर्ट बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और आत्मरक्षा की क्षमता विकसित करता है। अभनपुर के बच्चों में अपार प्रतिभा है और हम उन्हें उच्च स्तर तक पहुँचाने हर संभव सहयोग करेंगे। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका जितेन्द्र बंजारे,भाजयुमो पदाधिकारी लौटन गिलहरे, जि रायपुर सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, लालजी साहू, रूपचंद साहू व प्रेमचंद सोनवानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अतिथियो द्वारा मेडल और बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में सेंसेई सागर सोनवानी, सेंसेई नेमधारी सोनवानी, सेंसेई राजेश गिलहरे और सीहान मनीष बाघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह के बाद प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण उपकरणों व स्थायी प्रशिक्षण स्थल की आवश्यकता से विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया, जिस पर शीघ्र सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी, मारपीट

**महासमुंद।** एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी और मारपीट करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी अश्विनी साहू निवासी कोसरंगी ने बताया कि इस वर्ष नया हार्वेस्टर नया लिया, जिसे राजा साहू और जितेंद्र साहू चलाते हैं। 16 नवंबर को धान काटने के लिए गये थे, जब वे 8:30 बजे घर में आये, तो प्रार्थी ड्राइवरों से हिसाब कर रहा था, उसी समय गाली गलौज करते हुए गांव के राहुल यादव और मंजीत यादव आये और घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ में रखे डंडा से मारपीट किये। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में ट्रक ड्राइवर घायल

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में ट्रक ड्राइवर के घायल होने के मामले में तुमगांव थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 13 नवंबर को कन्हैया बंजारा अशोक लीलैंड वाहन क्रमांक सीजी 09 बी 1205 में टाइल्स एवं सेनेटरी सामान लोड कर रायपुर से बसना की ओर जा रहा था, रास्ते में एनएच 53 रोड करणी कृपा प्लांट तुमगांव के पास सामने चल रहे ट्रेलर के चालक द्वारा गाड़ी को धीरे करने पर कन्हैया द्वारा भी अपने वाहन को भी धीरे किया गया। तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 4605 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पीछे से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कन्हैया अपने वाहन सहित सामने चल रहे ट्रेलर से टकरा गया, जिससेउसे गंभीर चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 9 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**महासमुंद।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह ने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बूथ लेवल अधिकारी के पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त कुल 9 पटवारियों को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के प्रावधानों के आधार पर कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## निधन

### ओमप्रकाश सचदेव



**नवापारा-राजिम।** नगर सिंध समाज के युवा व्यवसायी ओमप्रकाश सचदेव ओमु का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे राहुल, रोहित के चाचा एवं मनोज, दिलीप के भाई तथा रोनित के पिताजी थे।

**विडंबना : तहसील मुख्यालय मैनपुर के विकास के लिए ग्राम पंचायत के पास नहीं है पर्याप्त बजट**

# अनुविभाग मुख्यालय होने के बावजूद 20 वर्षों से सीएम का इंतजार, मूलभूत सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आपको यह जानकर बढ़ा आश्र्चय होगा कि मैनपुर नगर तहसील मुख्यालय के साथ ही अनुविभाग का मुख्यालय भी है, बावजूद इसके मैनपुर नगर में पिछले 20 वर्षों में कोई भी मुख्यमंत्री नहीं पहुंचा है, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी एवं भाजपा के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सभा मैनपुर नगर के वन विभाग मैदान में से 20 वर्ष पूर्व हुआ था उसके बाद से अब तक कोई भी मुख्यमंत्री का आगमन मैनपुर नगर नहीं हुआ है और तो और भूपेश बघेल जब मुख्यमंत्री थे तब उनका दो बार प्रोट्रोकाल जारी होन के बाद मैनपुर आगमन निरस्त हो गया। मैनपुर नगर के लोगों ने कई बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मैनपुर आने का निमंत्रण दे चुके है लेकिन अब तक नहीं पहुंचे हैं। नगरवासियों को मुख्यमंत्री का इसलिए बेसब्री से इंतजार है कि मुख्यमंत्री मैनपुर नगर पहुंचेंगे तो मैनपुर के विकास के लिए जहां अनेक योजनाए बनेगी वहीं मैनपुर नगर को नगर पंचायत का दर्जा भी प्राप्त होगा। गरियाबंद जिला मुख्यालय से महज 47 किमी दूर विकासखंड मुख्यालय ग्राम पंचायत मैनपुर राज्य निर्माणं के 25 वर्षों बाद भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है मैनपुर किसी परिचय का मोहताज नही यह हीरा खदान जनित क्षेत्र के नाम से जाना जाता है साथ ही घने जंगल और बड़े- बड़े पहाड़ों, नदी- नालो से घिरा हुआ क्षेत्र है शासन प्रशासन को लाखो करोड़ो रूपये की राजस्व सिर्फ वन संपदा से ही प्राप्त होती है बावजूद इसके आज ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर के लोगो को जरूरी सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गरियाबंद जिला बनने के बाद क्षेत्र के लोगो मे एक उम्मीद जगी थी कि जल्द ही मैनपुर क्षेत्र का विकास होगा लेकिन यहां तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर ही विकास से अछूता है ग्रामीण दूरस्थ वनांचलो की बात तो छोड़ ही दीजिए जबकि मैनपुर में अनुविभाग स्तर के सभी अफसर निवास करते है बावजूद यहां के समस्याओं का समाधान नही होना एक यक्ष प्र"न लोगो के सामने बना हुआ है ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर की आबादी लगभग 10 हजार के आसपास हो गई है।



### ग्राम पंचायत के पास पर्याप्त बजट का अभाव

मैनपुर आज भी ग्राम पंचायत है जबकि गरियाबंद जिले के अंतर्गत सभी विकासखण्ड मुख्यालयों को नगर पंचायत का दर्जा मिल चुका है और वंहा तेजी से विकास कार्य हो रहे है, मैनपुर ग्राम पंचायत के पास नगर के विकास के लिए पर्याप्त बजट का अभाव बना रहता है, जबकि नगर की आबादी बढती जा रही है, साथ ही इसके दो आश्रित ग्राम नदीपारा और अचानपुर भी है इन ग्रामों में पहुचने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण भी नही किया गया है, बारिश के दिनो में इन दोनो आश्रित ग्रामों के लोगों का आना -जाना अवरूद्ध हो जाता है साथ ही मैनपुर नगर अब धीरे -धीरे बढ़ने के कारण पंचायत के पास नगर के सफाई व स्ट्रीट लाईट तथा अन्य सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए बजट की कमी महसूस की जा रही है।

### स्ट्रीट लाईट बंद शाम होते ही अंधेरे के आगोश समा जाता है नगर

शाम ढलते ही मैनपुर नगर में चारो तरफ अंधेरे हो जाता है, लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगते है पिछले 10 वर्शो से मैनपुर मे स्ट्रीट लाईट पूरी तरह बंद है कई बार ग्राम पंचायत से स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग किया जा चुका है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा अबतक ध्यान नही दिया क्योंकि पंचायत के पास पर्याप्त बजट का अभाव बना हुआ है।

### व्यवस्थित साप्ताहिक बाजार के साथ यात्री प्रतिक्षालय का अभाव

त्हसील मुख्यालय मैनपुर नगर में जिले का सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार लगता है लेकिन साप्ताहिक बाजार व्यवस्थित नही होने के कारण यह बाजार नेशनल हाईवे के किनारे लगाना पड़ता है और तो और साप्ताहिक बाजार के भीतर व्यवस्थित तरीके से सेड़ निर्माण किया जाये तो र्नि"चत रूप से पुरा बाजार का व्यवस्था किया जा सकता है साथ ही मैनपुर बस स्टैण्ड में सुविधाओं का अभाव बना हुआ है यात्रियों और बाहर से आने वाले राहगीरों के लिए प्याऊ घर व यात्री प्रतिक्षालय भी नही है एक यात्री प्रतिक्षालय था उसे तोड़ दिया गया है जिसके कारण भारी परेशानी का सामना करना पडता है। मैनपुर नगर के युवाओं व वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया है कि मैनपुर का दौरा कर मैनपुर नगर को विकास की सौगात दिया जाए आज पुरे प्रदेश में सरकार द्वारा अनेक योजनाए संचालित किया जा रहा है, इन योजनाओं का लाभ मैनपुर नगर के लोगो को भी मिलना चाहिएं ।





### नगर में कचरा गंदगी और जर्जर सड़क बन गई पहचान

मैनपुर नगर में साफ सफाई के अभाव के कारण जगह जगह नगर में कचरा और गंदगी का ढेर देखने को मिल रहा है और कचरा तथा गंदगी के कारण लगातार मच्छर पनप रहे है इन दिनों लोग मलेरिया, सर्दी, खांसी, बुखार, टाईफाईड और मौसमी बीमारियों के शिकार हो रहे है ऐसे में तत्काल जगह जगह फैले गंदगी और कचरों के ढेर की साफ सफाई किया जाना बेहद जरूरी हो गया है। मैनपुर ग्राम पंचायत के नेशनल हाईवे सडक के किनारे, साप्ताहिक बाजार, बस स्टैण्ड के पीछे, कृशि विभाग कार्यालय के सामने, गांधी चौक, शिक्षक कालोनी बाजार मार्ग, तालाब के पास आदि स्थानों पर कचरों का ढेर लगा हुआ है और इन कचरों से उठती बदबू साथ ही मच्छरों की संख्या बढ रही है, लोग चैन से घर के भीतर न तो रात को सो पा रहे है वहीं सड़को मे जगह जगह गड्ढा और गलियों मे गंदा पानी सड़क मे चलने से लोग परेशान है।

# कोदोपाली में नए धान खरीदी केंद्र की मांग, अपर कलेक्टर को ज्ञापन



**गरियाबंद।** ग्राम पंचायत लोहारी के आश्रित ग्राम कोदोपाली में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर किसानों एवं आसपास के ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर पंकज डहरिया को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो चुकी है, लेकिन क्षेत्र में उपार्जन केंद्र न खुलने से हजारों किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

■ समय पर न खुलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कोदोपाली और आसपास के लगभग 5000 किसान कई वर्षों से धान बेचने में कठिनाई झेल रहे हैं। सरकार द्वारा धान उपार्जन केंद्र क्रमांक 93 को स्वीकृति दे दी गई थी, लेकिन केंद्र आज तक शुरू नहीं किया गया, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने बताया कि वर्तमान में किसानों को धान बेचने के लिए पिपरछेड़ी उपार्जन केंद्र तक जाना पड़ रहा है, जो लगभग 20 गांवों के किसानों के लिए काफी दूर है। इससे किसानों पर परिवहन का बोझ बढ़ रहा है और समय की भी भारी बर्बादी हो रही है। किसानों ने कहा कि प्रशासन ने सरकारी समिति तो खोल दी है, लेकिन वास्तविक खरीदी के लिए उपार्जन केंद्र नहीं खोला गया है। इस बीच 15 नवंबर से धान खरीदी भी प्रारंभ हो चुकी है, पर केंद्र न खुलने की वजह से किसानों को धान बेचने लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। जिला मुख्यालय आए इन जनप्रतिनिधि ने कहा है कि कोदोपाली में नवीन धान उपार्जन केंद्र जल्द नहीं खोला गया तो वे उग्र आंदोलन व चक्का जाम करने मजबूर होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसानों की सुविधा और धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कोदोपाली उपार्जन केंद्र को तत्काल खोला जाए।

# भेण्डरी में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्ड्री में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर समिति के प्राधिकृत अधिकारी हेमंत साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, सरपंच राजेश्वरी पटेल, जनपद सदस्य विनीता साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन की मौजूदगी में हुआ।





# पेंटिंग स्पर्धा में हेमलता प्रथम

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेका में माय भारत केन्द्र रायपुर (भारत सरकार) एवं अर्पित तिवारी के तत्वधान मे एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण एवं जनजातीय गौरव दिवस के शुभ अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें कुमारी हेमलता साहू प्रथम, कुमारी भूमिका साहू द्वितीय एवं देवहूति साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष होरीलाल साहू, सरपंच गंगाप्रसाद भारद्वाज एवं समस्त पंचगण, संस्था के प्राचार्य हेमंत कुमार साहू, व्याख्याता नारायण सिंह चंद्राकर, ऋषिकुमार साव, नीलम साहू, अनीता ध्रुव, ममता साव, रविकुमार साहू, चेतना साहू, रानी डहरिया, रमेश कुमार यादव, केवरा साहू, दिनेश कुमार साहू, चंद्रहास साहू एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगेंद्र महेश्वर सागर तारक का विशेष सहयोग रहा।

# परसदाकला माध्यमिक शाला में एफएलएन मेला का आयोजन

**फिंगेश्वर।** शासकीय माध्यमिक शाला भाटापारा परसदाकला में सोमवार को एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष खिलेश साहू, सरपंच गणेश साहू, पंच नीलकंठ साहू और पालक गण की उपस्थिति में सरस्वती पूजा किया गया। प्रधान पाठक राकेश कुमार पांडेय ने एफएलएन मेला की जानकारी दी। बताया कि खेल -खेल में बच्चे कैसे शिक्षा प्राप्त करेंगे? पालक गण सभी बच्चों से मेला का आयोजन करके सिखबो और सिखा के रहीबों पर कार्य किया। सब इस कार्य से संतुष्ट हुए। इसी प्रकार से आयोजन करते रहने पर बल दिया। शिक्षिका मेनका ध्रुव, धनसहाय पटेल ने मेला की उपलब्धता पर चर्चा किया। मैडम जी ने एफएलएन मेला की उपलब्धता पर जानकारी दी। बच्चे इस नवाचारी से खुश हुए और पालक गण भी इस नवाचारी कार्य की जानकारी देते हुए अपनी बात रखी।





# बिजली स्कूल के 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरित

**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवमी के पात्र 09 छात्रओं को साइकिल वितरण किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथिद्वय पदमा मोती निषाद सरपंच ग्राम पंचायत बिजली,नंदू राम यादव सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर एवं अध्यक्षता शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र निषाद ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ. तत्पश्चात छात्रओं का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया।इस मौके पर छात्रओं के चेहरे पर साइकिल मिलने की खुशी साफ झलक रही थी। छात्रओं का कहना है कि निःशुल्क साइकिल मिलने से उन्हें काफी खुशी है अब उन्हें स्कूल तक आने–जाने में कोई समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर सरपंच पदमा मोती निषाद ने कहा कि छात्रओं को हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल आने जाने में बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था परंतु इस योजना के लाभ से छात्रएं आत्मनिर्भर बन रही है।नंदू राम यादव सभापति ने कहा कि अब आप लोग शाला समय में उपस्थित होकर शिक्षा ग्रहण कर अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर घर,परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें।



गजेंद्र निषाद अध्यक्ष शाला विकास समिति ने कहा कि अब छात्रओं को विद्यालय आने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।यह छात्रओं के लिए एक वरदान के समान है.प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि आज छात्रएं हर स्तर पर अपना एवं अपने माता–पिता का नाम रोशन कर रही है।इस योजना के तहत साइकिल प्राप्त करने वाली छात्रएं अपने घरों से आसानी से पढ़ाई के लिए स्कूल पहुंच सकती है।

साइकिल प्राप्त करने वाली छात्रओं के लिए शासन से मिले उपहार उनके आगे की पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू. सदस्य दयाराम साहू,कुंतराम साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर,रेखा सोनी,गीतांजलि नेताम,नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत साहू,तोमन साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी व स्वीपर यशवंत साहू उपस्थित थे।

**कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया**

# टेप्पापारा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**रसेला।** ग्राम रसेला के पारा टेप्पापारा में 16 नवंबर को नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण रविवार को निगम अध्यक्ष पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, ओमप्रकाश चौधरी सांसद प्रतिनिधि, लेखराज ध्रुवा जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, उपसरपंच परमेश्वर यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों का गुलाल लगाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चन्दुलाल साहू निगम अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंगनबाड़ी भवन हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक बच्चे को उत्तम पोषण और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा मिले ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।





सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी को पारावासी द्वारा नदी में पुल और पारा को आबादी घोषित करने के लिए आवदेन देकर मांग रखा गया जिसमें सांसद प्रतिनिधि ने सांसद और मुख्यमंत्री से मिलकर नदी में पुल बनने के आश्वासन दिया गया। साथ ही आबादी घोषित करने के लिए चन्दुलाल साहू ने पंचायत प्रस्ताव देकर कलेक्टर से बात करने की बात कही। ओमप्रकाश चौधरी ने अपने उद्बोधन कहा आंगनबाड़ी केंद्र के नए भवन में बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा। केन्द्र के माध्यम से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को पौष्टिक आहार, शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध होगी। जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा ने पारा वासी से अपील की वे अपने छोटे बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी भेजे, जहां बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ ही बुनियादी ज्ञान देकर आगे की शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। उपसरपंच परमेश्वर ने अभिनंदन पढ़कर भेंट किया गया। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा नशा शारीरिक नुकसान के साथ ही पारिवारिक कलह का कारण बनता है, इसलिए इसे त्यागना आवश्यक है। पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर ने मांग पत्र पढ़कर सौंपा गया। सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम समापन के पश्चात सभी अतिथियों को पारा वासियों ने खाना खिलाकर सह सम्मान विदाई दी गई, ओर कहा कि हमारे पारा में आज पहली बार इतना बड़े बड़े जनप्रतिनिधि के प्रदर्पण से हम लोग धन्य हो गए । इस दौरान भाजपा मंडल मलेवाअचल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, संतराम नेताम, भावसिह मरकाम, भुवेन्द्र मरकाम, डगेश्वर सोरी, पंच नरेश सोरी, कुबेर भुजिया, पीलाबाई ठाकुर, रजनी बाई यादव, कृष्णा यादव, सरिता ठाकुर, खुबलाल यादव, मानसिग नागेश, डहरुराम, सालिक राम ठाकुर, ज्ञान सिग,सदाराम निषाद, निलेश सोरी सहित समस्त पारावासी तन मन धन से कार्यक्रम में सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# काम गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करें : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार को विधायक रोहित साहू अचानक शहर में भ्रमण हेतु निकले। इस दौरान उन्होने वार्ड क्रमांक 7 में हो रहे मांगलिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 14 में पानी टंकी निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 12 में प्राथमिक शाला में टीन शेड शौचालय एवं बाऊंड्रीवाल का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होने संबंधित अफसरो को पूरे गुणवत्ता के साथ समय सीमा में काम को पूरा करने निर्देश दिया। मालूम हो कि विधायक श्री साहू द्वारा नगर के समग्र विकास और जनसुविधा को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। विधायक श्री साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए साफ-साफ कहा कि शासन के किसी भी योजना और निर्माण कार्यो में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नही होगी पूरे काम गुणवत्तापूर्ण हो वर्ना संबंधित अफसरो के खिलाफ कार्रवाई के लिए वो मजबूर हो जाएंगे। कहा कि विधानसभा क्षेत्र के किसी भी गांव में चल रहे किसी भी निर्माण स्थल में वे अचानक पहुंचकर निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में यदि काम गुणवत्ताहीन अथवा लापरवाही पाया जाएगा तो वे संबंधित विभाग के अफसरो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। कहा कि हर काम समय सीमा में पूरी हो इस बात का ध्यान अधिकारी वर्ग रखे।

■ चल रहे निर्माण कार्यो का विधायक रोहित ने किया निरीक्षण





## खबर संक्षेप

### चार संकुल समन्वयक पद से कार्यमुक्त

**गरियाबंद।** शिक्षा विभाग में अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए गरियाबंद जिला प्रशासन ने छुरा विकासखंड के चार संकुल समन्वयकों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया है। यह कार्रवाई एक शैक्षिक सोशल मीडिया समूह में शासन और प्रशासन के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणियां किए जाने पर की गई है। मामले की जानकारी मिलते ही जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला ने त्वरित जांच के निर्देश दिए। जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित चारों संकुल समन्वयकों सहित ग्रुप एडमिन को भी जिम्मेदार ठहराते हुए पद से मुक्त कर दिया गया। घटना की रिपोर्ट कलेक्टर बीएस उइके, जिला गरियाबंद के संज्ञान में आने पर, उन्होंने सभी शासकीय कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि शासन एवं प्रशासन के विरुद्ध सोशल मीडिया पर की गई किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री उइके ने यह भी निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी समय-सीमा का पालन करते हुए अनुशासनपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस चेतावनी ने जिले के शिक्षा तंत्र में स्पष्ट संदेश दिया है कि सोशल मीडिया पर अनुचित टिप्पणी सरकारी सेवा आचरण नियमों का गंभीर उल्लंघन है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। कार्यमुक्त किए गए संकुल समन्वयकों के स्थान पर अब नए, सक्रिय और जिम्मेदार शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला मिशन समन्वयक श्री शुक्ला ने सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे दो दिनों के भीतर योग्य एवं ऊर्जावान शिक्षक/शिक्षिकाओं के प्रस्ताव समन्वयक पद हेतु प्रस्तुत करें।

### चौक-चौराहों में ठंड से बचने जलने लगी अलाव



**मैनपुर।** एकाएक अचानक ठंड बढ़ने से इसका विपरित असर सेहत पर देखने को मिल रहा है और लोग सर्दी खांसी बुखार के चपेट में आ रहे है। सरकारी अस्पताल सहित नीजी अस्पतालों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है तो वहीं पेट खराब होने की शिकायत भी मिल रही है। कपकपाती ठंड के चलते रात 9 बजते ही मैनपुर तहसील मुख्यालय नगर में सन्नाटा परसने लगा है और मैनपुर नगर सहित वनांचल क्षेत्र के ग्रामो में शाम होते ही ठंड से बचने के लिए चौक चौराहो और घरो के सामने अलाव जलने लगी है लोग अलाव जलाकर तापते नजर आ रहे है। वहीं इन दिनो गांव में जो भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है वहां भी अलाव की व्यवस्था किया जा रहा है ताकि लोगों को रात में ठंड से कोई परेशानी न हो। ज्ञात हो कि मैनपुर क्षेत्र के जंगल में सर्वाधिक सरई साल का पेड़ है और सरई जंगल क्षेत्र को काफी ठंड वाला क्षेत्र माना जाता है शाम होते ही कपकपाने वाली हवा चलने लगी है।

### अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश, हाइवा और ट्रैक्टरों में रेत भरकर निकल रहे

# महानदी के तट पर बेखौफ रेत माफिया, दिन दहाड़े अवैध उत्खनन से बाढ़ का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम





बारिश का मौसम खत्म होते ही अभनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पारागांव क्षेत्र में रेत माफिया एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। नवापारा से लगे महानदी के तट पर दिन-दहाड़े मशीनों का उपयोग कर अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है, जिससे तटबंध खोखला हो रहा है और आने वाले समय में इलाके में बाढ़ का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों में इस अवैध खनन को लेकर भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि माफिया सरकारी राजस्व को चूना लगाते हुए बेखौफ होकर हाइवा और ट्रैक्टरों में रेत भरकर निकल रहे हैं।

मशीनों से तटबंध की मिट्टी उड़ाई जा रही है, जिससे बाढ़ का खतरा आने वाले समय में बढ़ जाएगा। स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि ये माफिया सरकारी राजस्व को चुना लगाते हुए हाइवा व ट्रैक्टरो में रेत भरकर बेखौफ निकल रहे हैं। ग्रामीणों में इससे भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि अवैध उत्खनन से न सिर्फ राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि तट टूटने से पूरा इलाका बाढ़ की चपेट में आ सकता है। गांव की भौगोलिक स्थिति पहले से ही खराब हो चुकी है। लोग डरे-सहमे हैं, लेकिन माफियाओं का हौसला इतना बुलंद है कि दिन में भी खुलेआम खनन हो रहा है। सबसे बड़ा सवाल ग्राम पंचायत पारागांव के सरपंच भोले सोनकर पर उठ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच को सब पता है, फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। जब उनसे बात की गई तो सरपंच ने पल्ला झाड़ते हुए कहा, हमें जानकारी है। हमने शासन-प्रशासन को अवगत करा दिया है। अब आगे की कार्रवाई प्रशासन की है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब सरपंच को पूरी जानकारी है तो मौके पर रोक क्यों नहीं लगाई जा रही? क्या सरपंच की मौन सहमति तो नहीं मिली हुई है? इलाके में अवैध रेत खनन का यह खेल पिछले कई दिनों से चल रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे तटबंध को खोखला किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब तक आंखें मूंदे रहते हैं और माफियाओं पर कब लगाम कसी जाती है।

#### कार्रवाई की जाएगी

इस मामले में अभनपुर एसडीएम रवि सिंह ने कहा कि संबंधित विभाग को मामले की जानकारी दे दी गई हैं, जल्द ही कार्यवाही होगी।



### पटवारी, आर आई एवं नोडल अधिकारी की मौजूदगी में हुई शुरू, 144.80 क्विंटल बोहनी



**नवापारा-राजिम।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिपरौद में धान खरीदी की प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ हो गई है। खरीदी केंद्र में 144.80 क्विंटल धान खरीदी से बोहनी हुई। पहले दिन तीन किसानों ने तीन टोकन के माध्यम से धान बेचा। धान खरीदी केंद्र में चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। पूरे परिसर को साफ सुथरा किया गया है। रात में रोशनी के लिए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कुछ बिगड़े लाइट को सुधारा जा रहा है। किसानों के लिए साफ पीने का पानी उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से धान तौली जा रही है। प्राथमिक कृषि साख समिति में पर्याप्त मात्रा में बारदाना का स्टॉक उपलब्ध है। प्रबंधक एवं स्थाई कंप्यूटर ऑपरेटर खरीदी केंद्र में नजर नहीं आए बल्कि यहां पटवारी, आर आई एवं नोडल अधिकारी आर ई ओ को मौजूद देखा गया। प्राथमिक साख समिति के प्राधिकृत अधिकारी किशन साहू ने बताया कि पिपरौद केंद्र में धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक इंतजाम कर लिए गए है। किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया है। शासन द्वारा निर्धारित दर एवं रकबे के अनुसार मात्रा में किसान खरीदी केंद्र में आकर धान बेच सकते है। पहले दिन से ही साख समिति में किसानों एवं अधिकारियों की चहल पहल देखने को मिली।

- पिपरौद खरीदी केंद्र में पहला दिन प्रबंधक एवं स्थाई कंप्यूटर ऑपरेटर नजर नहीं आए

### स्वाति साहू ने राजिम में महिला सशक्तिकरण का संकल्प लिया



**राजिम।** अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा महिला प्रकोष्ठ की नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वाति साहू सोमवार को राजिम पहुंची। यहां उन्होने भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता का दर्शन पूजा की। यह जानकारी देते हुए राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि नगर साहू संघ द्वारा हनुमान मंदिर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, नगर साहू संघ के अध्यक्ष रामकुमार साहू, भोले साहू, तरुण साहू, विष्णु साहू ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वाति साहू का धान की बाली एवं पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। स्वागत पश्चात श्रीमती साहू ने कहा कि वे भगवान श्री राजीव लोचन एवं भक्तिन माता का आशीर्वाद लेकर समाज में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने, उनके सशक्तिकरण तथा विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प ली। कहा कि महिला प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज की बेटियों और बहनों को नई दिशा, नए अवसर तथा मजबूत मंच प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल रहेगी।

### श्रीदत्तात्रेय प्राकट्य महोत्सव भव्यता से मनाने की तैयारी

**राजिम।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज की जिला स्तरीय बैठक ग्राम नागझर में प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुंदन व प्रांतीय पदाधिकारी अशोक गिरी, पोखराज बन, रामकुमार गोस्वामी, व भूपेंद्र पुरी ,प्रांतीय मिडिया प्रभारी कामेश्वर पुरी की मौजूदगी में हुआ जिसमें उमेश गिरी, छबि लालपुरी,राजेन्द्र पुरी, कामेश्वर पुरी, संजयपुरी, लवकिशन, नारायण, पुपील, हरीश, विकास, पुरूषोत्तम संजय, महेश्वर, अनिल, परमात्मा, जितेन्द्र, लक्ष्मण, भरत, किसुन, विनोद उपस्थित थे। बैठक में भगवान श्रीदत्तात्रेय प्राक्ट्य महोत्सव में बड़े ही धूमधाम से व भव्यता के साथ मनाने चर्चा हुआ। सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग कार्यो का दायित्व सौंपा गया और प्रत्येक परिवार से कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया गया।



### आईएसबीएम यूनिवर्सिटी छुरा में सड़क सुरक्षा पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**छुरा।** इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देना, घायलों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करना और समाज को सुरक्षित यातायात के महत्व से अवगत कराना था। पूरे आयोजन का सफल संचालन कार्यक्रम समन्वयक संजीव जांगड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों और छात्र-छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों की स्मृति में दो मिनट के मौन के साथ हुई। इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष ने अपने संबोधन में सड़क दुर्घटनाओं की गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त की और बताया कि भारत में प्रतिदिन सैकड़ों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। उन्होंने कहा कि ISBM University के इंजीनियरिंग छात्र भविष्य के तकनीकी विशेषज्ञ हैं, इसलिए उन्हें सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समाधान खोजने की दिशा में योगदान देना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष टाकेश्वर कौशिक जीने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक को सुरक्षित यातायात को अपनाना होगा। उन्होंने आईएसबीएम यूनिर्वसीटी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी संस्थानों का योगदान



भविष्य में सड़क सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम का सबसे संवेदनशील हिस्सा तब आया जब एक सड़क दुर्घटना में अपने परिजन को खो चुके व्यक्ति ने अपना अनुभव साझा किया। उनकी भावनात्मक बातों ने पूरे समारोह को गहरा संदेश दिया कि सड़क पर की गई एक छोटी-सी लापरवाही किसी परिवार के जीवन को पूरी तरह बदल सकती है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम समन्वयक संजीव जांगड़े के मार्गदर्शन, छात्रों की सक्रिय भागीदारी और फैकल्टी सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रभावपूर्ण रहा।यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का माध्यम बना, बल्कि तकनीक, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी बनकर सामने आया।

### गरीबों को बांटे गए गर्म कपड़े

**नवापारा-राजिम।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के पावन अवसर पर पत्रकारिता के सच्चे मूल्यों को चरितार्थ करते हुए, वरिष्ठ पत्रकार तुकाराम कंसारी और युवा पत्रकार नागेन्द्र निषाद ने समाज के निर्धन, गरीब, असहाय एवं बेघर लोगों के लिए एक सराहनीय पहल की। ठंड के मौसम में इन जरूरतमंदों को सर्दी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से दोनों पत्रकारों ने नर सेवा ही नारायण सेवा के सिद्धांत पर चलते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्लम क्षेत्रों और फुटपाथों, आश्रय स्थल पर रहने वाले लोगों के बीच दिया गया। दर्जनों जरूरतमंदों को गर्म कंबल बांटे गए। ठिठुरती सर्द रातों में ये कंबल उनके लिए जीवनदायिनी साबित होंगे। श्री कंसारी ने कहा कि पत्रकारिता सिर्फ खबरें लिखना नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना भी है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि कलम की ताकत से समाज को जोड़ा जा सकता है।/" श्री निषाद ने बताया कि हमारे इस छोटे से प्रयास से यदि एक भी व्यक्ति को राहत मिल जाता है, तो हमारा उद्देश्य सफल हो जाएगा। आगे भी ऐसी पहल जारी रहेंगी। इस अवसर पर विशेष सहयोग के रूप में जितेंद्र यादव मौजूद रहे। कंबल बांटने में स्थानीय



नागरिकों और कुछ स्वयंसेवियों ने भी सहयोग किया। राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस, जो 16 नवंबर को मनाया जाता है, स्वतंत्र प्रेस की याद में समर्पित है, लेकिन इन पत्रकारों ने इसे सेवा का माध्यम बना दिया। उनकी यह पहल न केवल पत्रकार बिरादरी के लिए प्रेरणा है, बल्कि पूरे समाज को मानवता की ओर प्रेरित करती है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण में सहभागी बनें : देवांगन

**नवापारा-राजिम।** भारत निर्वाचन द्वारा मतदाता सूची शुद्धिकरण हेतु चलाए जा रहे एसआईआर यानि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि भारत के प्रत्येक वैध नागरिक को इस प्रक्रिया में स्वस्फूर्त भाग लेते हुए बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे एसआईआर फॉर्म भरकर अपना मतदान सुरक्षित करवाना चाहिए।

किशोर ने कहा कि विपक्ष दल इस प्रक्रिया को लेकर देशवासियों के बीच लगातार भ्रम फैला रहे हैं, जबकि खुद माननीय सुप्रीम कोर्ट इस प्रक्रिया को वैध बता चुका है। एस आई आर का एक लाइन में मतलब घुसपैठियों को भगाना है। वे



घुसपैठिए जो अवैध रूप से भारत में घुसकर यहां निवास करते हुए भारत के वैध नागरिकों के साधन और संसाधन पर डाका डाल रहे हैं। लेकिन विपक्षी दल के लोग इस सच्चाई को जानते हुए भी, केवल अपने वोट बैंक के लिए इन घुसपैठियों को बचाने की नीयत से एस आई आर प्रक्रिया का शुरूआत से विरोध करते हुए देशवासियों को भी अपने विरोध में शामिल करने लगातार विभिन्न भ्रम फैला रहे हैं। विपक्षी दलों के इस हथकंडे को देशवासियों को समझना होगा क्योंकि यह देश के साधन और संसाधन पर उनके पहले अधिकार के हक को घुसपैठियों द्वारा छीनने से रोकने के साथ-साथ अपने संवैधानिक मताधिकार की रक्षा करना भी है। किशोर ने कहा कि अपने और परिवार के हक और मताधिकार की सुरक्षा के लिए प्रत्येक देशवासी को बिना किसी संकोच और बिना किसी भय के मतदाता शुद्धिकरण की इस प्रक्रिया रकफ में हिस्सा लेना चाहिए।

### बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन

## छुरा में संस्कृति और एकता का संगम, सांस्कृतिक नृत्यों ने मोहा मन

**छुरा।** नगर में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर रविवार, 16 नवंबर को प्री-मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास परिसर में एक विशेष एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि नवपीढ़ी में गर्व और जागरूकता भी जगाता है।कार्यक्रम की शुरुआत समाज के महान जननायकों भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं जनजातीय नायकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छतर सिंह ठाकुर, अध्यक्षता नीलकंठ ठाकुर, विशिष्ट अतिथि भगवान सिंह ध्रुव प्राचार्य, उमेंद्र सोरी, शीतल ध्रुव सचिव, पुनितराम ठाकुर मीडिया प्रभारी राजेश्वरी ठाकुर, तनुजा ध्रुव देव श्री ध्रुव, यंतिका नेताम, तुलेश्वरी कंवर, कुलेश्वर मरकाम संतोष सोरी, लीलाधर ध्रुव एवं समाजजनों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जननायकों



के आदर्शों को याद किया। इसके बाद छात्रावास के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साज-सज्जा से सुसज्जित इन नृत्यों ने सभागार में मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की मनभावन प्रस्तुति ने दर्शाया कि जनजातीय संस्कृति आज भी नई पीढ़ी के हृदय में गहराई से रची-बसी है।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में मुख्य रुप से छतर सिंह ठाकुर, नीलकंठ ठाकुर, भगवान सिंह ध्रुव, उमेंद्र सोरी, शीतल ध्रुव, पुनितराम ठाकुर, राजेश्वरी ठाकुर, तनुजा ध्रुव देवश्री ध्रुव, यंतिका नेताम तुलेश्वरी कंवर, कुलेश्वर मरकाम संतोष सोरी, लीलाधर ध्रुव, नरेश ध्रुव अधीक्षक सपना कंसारी, कुलेश्वर मरकाम अधीक्षक, तुलेशवरी कंवर अधीक्षक, रोहित जगत, चुमेश ध्रुव, भगवती दीवान, सुजाता, पोखन ठाकुर, भोगेंद्र ठाकुर, हीरालाल साहू, ललित वर्मा, देवेंद्र सिंहा नगर के सभी आदिवासी छात्र-छात्राएं छात्रावास परिवार आदिवासी समाज बड़ी संख्या में उपस्थित थे चित्रकला का प्रदर्शन भी किया गया छात्रावास में जनजाति नायक, नायिकों पर आधारित रंगोली निबंध चित्रकला प्रतियोगिता हुआ। कार्यक्रम का संचालन पुरानिक नागेश राजेश्वरी ठाकुर के द्वारा किया गया।

#### रेला-पाटा नृत्य का शानदार प्रदर्शन

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा जनजातीय समाज के प्रमुख जननायकों का सुंदर चित्रण भी प्रदर्शित किया गया। भगवान बिरसा मुंडा, गुंडाधुर, ताना भगत और अन्य महान विभूतियों पर आधारित इन चित्रों की सभी उपस्थित लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। बच्चों की कला और उनकी रचनात्मकता ने कार्यक्रम को और भी विशिष्ट बना दिया।कार्यक्रम के अंतिम चरण ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया, जब पारंपरिक रेला-पाटा नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस नृत्य में समाज के प्रमुखजन, छात्र-छात्राएं, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में मौजूद नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक नृत्य ने सामाजिक एकता और जनजातीय परंपराओं की जीवंतता को उजागर किया।नगर में आयोजित यह कार्यक्रम पूर्णतः जनजातीय संस्कृति, परंपरा और गौरव को समर्पित रहा। समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी ने इसे सफल और यादगार बनाया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जनजातीय समाज की अमूल्य विरासत केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज भी सामुदायिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

